# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

**क्रमांक /320/ शा.डॉ.श्या.प्र.मु.महावि. / 2024** **भोपाल, दिनांक 27 /02/ 2024**

## साफ–सफाई हेतु निविदा प्रपत्र 2024–25

| | |
|---|---|
| निविदा मूल्य | : रूपये 1000 / – (Online से भुगतान द्वारा) |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | : निविदा Online होने की तिथि से 21 कार्यदिवसों के भीतर कार्यालयीन समय में |
| निविदा खोलने की तिथि समय | : अंतिम तिथि का अगला कार्य दिवस दोपहर 12 बजे |
| स्थान | : महाविद्यालय का कान्फ्रेंसकक्ष |

शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल में साफ–सफाई व्यवस्था हेतु ऐसी संस्था जिसे किसी शासकीय संस्था में उक्त कार्य का कम से कम 02 वर्षो का अनुभव हो से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु आवेदन पत्र के साथ निविदा की शर्ते एवं सामान्य दिशा निर्देश संलग्न है।

27/02/24

प्राचार्य
शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

संलग्न :–(कुल पेज )

1. निविदा हेतु शर्ते एवं सामान्य दिशा निर्देश
2. निविदा हेतु शपथ पत्र (निविदा प्रपत्र –1)
3. तकनीकी प्रस्ताव (निविदा प्रपत्र –2)
4. अंकेक्षित लेखों का सारंश (निविदा प्रपत्र –3)
5. वित्तीय प्रस्ताव (निविदा प्रपत्र –4)

## कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति
**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

**महाविद्यालय भवन, महाविद्यालय परिसर एवंसाफ–सफाई व्यवस्था के लिये विस्तृत निविदा प्रपत्र**

विस्तृत निविदा पत्र, सफल निविदाकार से अनुबंध का एक भाग होगा एवं इसकी समस्त शर्ते अनुबंध में शामिल मानी जायेंगी।

**साफ–सफाई व्यवस्था निविदा हेतु शर्ते एवं सामान्य दिशा निर्देश वर्ष 2024–25**

1. महाविद्यालय भवन जिसमें प्रयोगशालायें, सभागृह, पुस्तकालय, व्याख्यान कक्ष, बरामदे, शौचालय, कैंटीन, पोर्च, पुराने भवन में तीन तल और नये भवन में दो तल, पौर्च, खेलकूद संकुल तथा परिसर में रोड इत्यादि शामिल है, में सफाई व्यवस्था का ठेका, अनुबंध होने के दिनांक से 01 वर्ष की अवधि के लिये होगा। दोनों पक्षों की कार्य गुणवत्ता एवं सहमति से इसे अधिकतम 01 वर्ष और बढ़ाया जा सकता है।
2. निविदा आवेदन के पूर्व किसी भी कार्य दिवस एवं कार्यालयीन समय में महाविद्यालय भवन का अवलोकन किया जा सकता है।
3. निविदाकर्ता को लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भवन एवं परिसर (जो शासकीय संस्था हो) की साफ–सफाई व्यवस्था संचालन के कार्य का कम से कम 02 वर्षो का अनुभव होना चाहिए। निविदाकर्ता को उक्त आशय का कार्यादेश/प्रभावित प्रमाणपत्र तकनीकी निविदा के साथ देना होगा। उक्त प्रमाण पत्र के अभाव में निविदा निरस्त समझी जायेगी। अन्य संस्थानों में किये जा रहे सफाई कार्य संचालन का कर्मचारियों की संख्या सहित विवरण भी अपेक्षित होगा।
4. निविदाकर्ता संस्था का मुख्यालय/कार्यालय भोपाल में होना अनिवार्य है, भोपाल में पंजीकृत कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. निविदाकर्ता संस्था का नियमानुसार ई.पी.एफ./ई.एस.आई. आदि संबंधित सक्षम शासकीय विभागों में पंजीकृत होना तथा उसके पास श्रमायुक्त द्वारा जारी वैध लेबर लाईसेन्स होना अनिवार्य होगा। समस्त पंजीयनों /लायलेंस की सत्यापित छायाप्रति तकनीकी प्रस्ताव के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
6. निविदाकर्ता फर्म का स्थायी आयकर क्रमांक एवं दिनांक 31.03.2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का टैक्स क्लीयरेंस प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।
7. निविदाकर्ता फर्म का सर्विस टैक्स (GST) क्रमांक एवंअंतिम माह का रिटर्न की कॉपी संलग्न करना आवश्यक है।
8. निविदाकर्ता संस्था का समान कार्य का विगत ३ वर्षों में वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम 5 लाख हो. प्रमाणीकरणके लिए संलग्न प्रारूप में सारांश जिसमें समान कार्य के वार्षिक टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरण चार्टर्डअकाउन्टेन्ट द्वारा किया गया हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाए।
9. निविदाकर्ता अथवा उसकी फर्म पर किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं होनाचाहिए। निविदाकर्ता संस्था पर कोई आरोप/प्रकरण/Black Listed आदि नहीं चल रहे हैं. इस आशय का सक्षम पुलिस अधिकारी द्वारा नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
10. निविदा के साथ धरोहर राशि (earnest money) रु 50,000/– (पचास हजार केवल) प्राचार्य, शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल के पक्ष में Online/Net Banking/RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा,अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि की सुरक्षा निधि (Secuirty Money)के रूप में शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के पक्ष में परिवर्तित कर लिया जावेगा जिस पर किसी भी तरह का ब्याज देय नहीं होगा।
11. निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पेज पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर हों तथा निविदा दस्तावेज पर संलग्नकों सहित प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ क्रमांक डाला जाये। पृष्ठ क्रमांक इस प्रकार डाले जायें– प्रथम पृष्ठ पर 1/50, द्वितीय पृष्ठ पर 2/50 (यदि कुल पेज 50 है) इत्यादि।

**प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म**

**प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी**
**विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल**

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

12. निविदा प्रपत्र में किसी तरह की काट/छँाट या ओवर राइटिंग/Whitener होने पर निविदा पर विचार नहीं कियाजायेगा।
13. सशर्त अथवा अधूरे भरे हुये निविदा प्रपत्र मान्य नहीं किये जायेंगे। प्रस्ताव में उल्लेखित समस्त प्रमाण पत्रो की सत्यापित छायाप्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14. यदि निविदा के संबंध में कोई शंका/प्रश्न हो अथवा जानकारी प्राप्त करनी हो तो कार्यालयीन समय में कार्यालय में संपर्क कर समाधान/निराकरण करवा सकते हैं।
15. प्रत्येक निविदाकर्ता एजेंसी को अपनी निविदा दो भागों में पृथक पृथक ऑनलाइन के माध्यम से प्रदाय करनी होगी। प्रथम भाग में **तकनीकी निविदा**रहेगीजिसमें निर्धारित प्रपत्रों में निविदाकर्ता एजेन्सी अपनी क्षमता से संबंधितं जानकारी देगी। तकनीकी निविदा वाले भाग में ही राशि रू. 50,000/– (पचास हजार केवल ) का Receiptरहेगी। द्वितीय भाग में **वित्तीय निविदा**रहेगी।वित्तीय निविदा प्रपत्र में निविदाकर्ता के द्वारा लिये जाने वाले प्रति कर्मचारी सेवा शुल्क की मासिक राशि दर्शायी जायेगी। दोनों प्रस्ताव पृथक पृथक निविदाकर्ता फर्म के नाम एवं पते के साथ **"तकनीकी प्रस्ताव"**एवं वित्तीय प्रस्ताव केवल ऑन लाइन जमा करना होगा।
16. प्रस्तावों पर विचार करते समय सर्वप्रथम **तकनीकी निविदा** खोली जायेगी और उसमें सफल होने वाले प्रस्तावक निविदा की **वित्तीय निविदा** खोली जायेगी।
17. सफल निविदाकर्ता का चयन, सेवा शुल्क की राशि के आधार पर किया जायेगा **सभी तकनीकी शर्तें पूरी होने पर महाविद्यालय द्वारा प्रतिमाह, प्रति कर्मी देय न्यूनतम दर को स्वीकृत किया जायेगा,**जो तत्समय प्रचलित कलेक्टर दर से कम नहीं होनी चाहिये।
18. न्यूनतमसेवा शुल्क एक प्रतिशत देना अनिवार्य है। एक प्रतिशत सेवा शुल्क से कम निविदा मान्य नहीं की जायेंगी।
19. समान न्यूनतम सेवा शुल्क दर प्राप्त होने पर लॉटरी पद्धति से चयन किया जायेगा।
20. निविदा खोलने के समय निविदाकर्ता अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि के उपस्थित न रहने पर किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी।
21. निविदा स्वीकार न होने की स्थिति में महाविद्यालय से किसी प्रकार का पत्र व्यवहार नहीं किया जायेगा। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल का होगा।
22. न्यूनतम दर बाली सफल निविदाकर्ता संस्था को एक सप्ताह में महाविद्यालय में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ उपस्थित होकर 500/– रु. के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर कार्यादेश में उल्लिखित अवधि के लिए अनुबंध संपादित करनाहोगा तथा दर्शाई तिथि से तत्काल कार्य प्रारंभ करना होगा अन्यथा उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशिजप्त कर ली जायेगी तथा प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल, द्वितीय न्यूनतम दर सफलनिविदाकर्ता को कार्य सौंपने के लिए स्वतंत्र होगें।
23. सफल निविदाकर्ता को प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल के पक्ष में 50,000/–**(पचास हजार रूपये)**की सुरक्षा निधि मियादी जमा पत्रक (FDR) के रूप में जमा कराना होगी।
24. अनुबंधकर्ता संस्था कोकार्यादेश मे दर्शाई गई अवधि हेतु महाविद्यालय प्रशासन के निर्देशानुसार प्रतिदिन महाविद्यालय के नए एवं पुराने भवन के अन्दर एवं परिसर, कार्यालय, सभागृह तथा Sports Complex की संतोषजनक ढंग से साफ–सफाई व्यवस्था करनी होगी। इस हेतु आवश्यकतानुसार सफाई कर्मी रखने होंगे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार संख्या में वृद्धि या कमी की जा सकती है।
25. द्वितीय सफल निविदाकर्ता के अतिरिक्त अन्य अस्वीकृत निविदाकारों को धरोहर राशि अनुबंध होने के 15 दिवस में वापिस कर दी जायेगी। उक्त राशि पर किसी भी तरह का ब्याज का भुगतान नहीं किया जायेगा।
26. अनुबंधकर्ता संस्था द्वाराप्रथम दो माह तक उपलब्ध करयी गई सेवा संतोषप्रद होने की स्थिति में ही निविदा अवधि की निरंतरता की स्वीकृति दी जावेगी। द्वितीय सफल निविदाकर्ता एजेंसी की धरोहर राशि इस निरंतरता की स्वीकृति के उपरांत ही मुक्त की जायेगी।

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

27. अनुबंधकर्ता संस्था द्वारा महाविद्यालय के अन्दर साफ–सफाई हेतु पुरुष या महिला कर्मचारी रखे जा सकते हैं। सफाई कर्मियों का चयन महाविद्यालय की गरिमा के अनुरूप किया जाना आवश्यक है।
28. अनुबंधकर्ता संस्था द्वारा महाविद्यालय खुलने के पूर्व प्रातः 9 बजे से सफाई कर्मियों से संपूर्ण महाविद्यालय, कार्यालय, सीढ़ियॉं एवं परिसर की साफ–सफाई करवाना होगी।
29. अनुबंधकर्ता संस्था द्वारा सफाई व्यवस्था का चार्ज लेने के पूर्व जिन कर्मियों की सेवायें महाविद्यालय को प्रदान की जायेंगी उनके नाम, पता, आयु एवं फोटोयुक्त नामजद सूची, मेडिकल फिटनेस एवं पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। कोई भी कर्मी संदेहास्पद चरित्र व आचरण का नही होना चाहिये।
30. अनुबंधकर्ता द्वारा महाविद्यालय में नियुक्त किए गए समस्त कर्मियों का व्यवहार महाविद्यालय परिवार एवं आंगतुकों के साथ सौम्य एवं शालीन होना चाहिए ताकि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।
31. अनुबंधकर्ता द्वारा संस्था में साफ–सफाई कार्य में उपयोग में आने वाली आवश्यक अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री पर्याप्त मात्रा में प्रतिमाह स्वंय उपलब्ध कराना होगा। पर्याप्त मात्रा में/अच्छी गुणवत्ता वाली साफ–सफाई सामग्री का उपयोग नही होने पर अनुबंध निरस्त किया जा सकेगा।
32. सफाई कार्य के अंतर्गत प्रतिदिन झाड़ू, पौंछा, धूल साफ करना, जाले निकालना, पंखे–ट्यूब लाईट आदि पोछना एवं खिडकी दरवाजों की साफ–सफाई करना इत्यादि भी शामिल रहेगा। बरामदों में प्रतिदिन फिनाईल डालकर पौछा लगाना होगा एवं दो समय फिनाईल से शौचालयों को साफ करना होगा। सीढी, रेम्प पर पीक के दाग हो तो डस्टबिनों, थूकदान पर चूना अथवा रेत डालना होगी।
33. अवकाश के दिनों में भी साफ–सफाई का कार्य नियमित रूप से करना होगा।
34. संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सफाई कर्मियों की व्यवस्था की जानी होगी जिसके लिये प्रति कर्मी अनुबंधानुसार मान्य मासिक दर के हिसाब से प्रतिदिन के अनुरूप पारिश्रमिक देय होगा।
35. अनुबंधकर्ता द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी पंजी रखी जाएगी जिसमें किस कर्मी ने किस दिन किस समय ड्यूटी की है, का उल्लेख किया जायेगा। उक्त पंजी का सत्यापन प्रतिदिन महाविद्यालय के मुख्य लिपिक/कार्यालय से कराना अनिवार्य होगा।
36. साफ सफाई कार्य में लगाये गये कर्मियों के आने जाने के समय एवं कार्य की चैकिंग मुख्य लिपिक/कार्यालय द्वारा किसी भी समय की जावेगी।
37. निरीक्षण के दौरान किसी भी व्यक्ति के अनुपस्थित रहने या कार्य के प्रति सजग न पाये जाने पर रूपये 500/– प्रति निरीक्षण दण्ड वसूल किया जा सकेगा।
38. किसी भी कर्मी के अस्वस्थ अथवा अस्वस्थ्य होने की अवस्था में वैकल्पिक व्यवस्था की जबावदारी संबंधितसंस्था की होगी।
39. सफाई कर्मियों के कार्य पर अनुपस्थित रहने पर प्रत्येक दिवस की कार्यावधि के लिये रूपये 500/– (राशि रूपये पांच सौ मात्र) अथवा आनुपातिक राशिके मान से देयक में से कटौती की जा सकेगी।
40. किसी भी कर्मी की सेवायें ठीक नहीं पाये जाने पर प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपालके निर्देश पर सफाई एजेंसी ऐसे दोषी कर्मचारी की सेवायें तत्काल समाप्त/परिवर्तित करेगी।
41. अनुबंधकर्ता संस्था के किसी भी कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान अल्कोहल/मादक औषधि सेवन अथवा कदाचरण करने की दशा में पाये जाने पर संस्था की सेवाएं समाप्त करते हुए उसके विरूद्ध पुलिस कार्यवाही की जा सकेगी।
42. अनुबंधकर्तासंस्था का कोई कर्मचारी आपत्तिजनक या संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न पाया जायेगा तो उसकी सेवा समाप्त करना अनुबंधकर्ता के लिए अनिवार्य होगा। अनावश्यक वाद–विवाद भी आपत्तिजनक गतिविधियों में शामिल होना माना जावेगा।
43. अनुबंधकर्ता द्वारा सेवाएं उपलब्ध कराने के पश्चात देयक प्रतिमाह 05 तारीख तक प्रस्तुत करना होगा। शासन द्वारा लगाये गए किसी वित्तीय रोक के दौरान देयक भुगतान विलंब की स्थिति में व्यक्तियों का व्यय अनुबंधकर्ता द्वारा वहन किया जावेगा तथा नियत समय पर भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा। इस पर अलग से कोई व्याज देय नही होगा।

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

44. अनुबंधकर्ता संस्था एवं उसके कर्मचारियों को प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल द्वारा समय–समय पर जारी आदेश/निर्देश/शर्तों का पालन करना होगा व प्रत्येक माह की सफाई का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही माह के अंत में देयक का भुगतान किया जा सकेगा।

45. संविधिक आवश्यकताओं जैसे मिनिमम वैजेस, कम्पेनशेसन एक्ट, प्रॉव्हिडंट फण्ड एक्ट, लेबर एक्ट, जी.एस. टी. आदि समस्त वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत देय समस्त प्रकार के भुगतानों एवं कटौत्रों की जवाबदारी निविदाकर्ता संस्था की होगी। कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संपूर्ण क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी। इस संबंध में विवाद की स्थिति में महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

46. किसी भी प्रकार की क्षति के लिए निविदाकर्ता संस्था से क्षति की भरपाई, प्रतिभूति राशि से अथवा भू–राजस्व की बकाया राशि की तरह वसूल की जाएगी। सफलतापूर्वक निविदा समाप्ति के छह माह उपरांत बकाया राशि को समायोजित करते हुये शेष राशि निविदाकर्ता को वापस कर दी जायेगी।

47. कोई भी शासकीय सामग्री,प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपालअथवा उनकेद्वारा अधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना परिसर के बाहर जाने नहीं दी जावेगी। अनुमति प्राप्त सामग्री बाहर जाने हेतु एक पंजी रखी जावेगी।

48. अनुबंध (Contract) होने के पश्चात् भी यदि यह पाया जाता है, कि निविदाकर्ता द्वारा निविदा में दी गई कोई भी जानकारी गलत/झूठी/misleading है तो प्राचार्य द्वारा Contract रद्द किया जा सकता है एवं अमानत के रूप में जमा राशि राजसात की जा सकती है।

49. फर्म द्वारा अनुबंध करने के पश्चात् अनुबंध में उल्लेखित किसी भी शर्त का उल्लंघन करने अथवामहाविद्यालय में संतोषजनक सेवा प्रदान न करने की स्थिति में, उसके अनुबंध को समाप्त करने एवं अमानत राशि को राजसात करने का अधिकार प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपालके पास सुरक्षित रहेगा।

50. संस्था द्वारा किसी कारणवश अपनी सेवाएँ समाप्त करने हेतु तीन माह पूर्व लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा अन्यथा सुरक्षा निधि जप्त कर ली जायेगी।

51. प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपालद्वारा 15 दिवस पूर्व लिखित सूचना देकर निविदाकर्ता की संचालन व्यवस्था कभी भी बिना किसी कारण बताये समाप्त की जा सकेगी।

52. अनुबन्धकर्ता अनुबंध अवधि के मध्य यदि कार्य छोड़ता है, तो नवीन अनुबन्ध से प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपालको होने वाली क्षति की वसूली पूर्व अनुबन्धकर्ता से ही की जा सकेगी ।

53. ठेका अवधि के दौरान भी महाविद्यालय एवं सफाई एजेंसी की परस्पर सहमति से कोई शर्त (सेवा शुल्क के अतिरिक्त) संशोधित अथवा कोई नवीन शर्त जोड़ी जा सकेगी।

54. सफाई व्यवस्था के मामले में किसी प्रकार का वाद होने पर प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपालका निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा एवं निविदा के संबंध में किसी भी सिविल वाद का क्षेत्र जिला न्यायालय, भोपाल होगा।

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

## साफ–सफाई के लिए निविदा रू 2024–25

**शपथ पत्र**
**निविदाप्रपत्र – 1**
**(रु 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प में प्रस्तुत करें)**

मै ........................................................पुत्र/पुत्री ............................................उम्र...........पता ................................ शपथ पूर्वक कथन करता हूँ/करती हूँ कि: –

1. मै निविदाकर्ता संस्था.......................................... (फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का/की एकल स्वामी/साझेदार/संचालक/मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि हूँ तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता ..................................................................................है।
2. मैंने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमे वर्णित समस्त शर्ते मुझे तथा मेरीसंस्था को मान्य है।
3. निविदा में वर्णित सभी कार्यों को सम्पादित करने के लिये मेरे/मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यकवैधानिक अनुज्ञप्तियों, पंजीकरण तथा स्वीकृतियाँ प्राप्त हैं।
4. मेरे/मेरी संस्था द्वारा निविदा में दी गई सभी जानकारियों पूर्णतः सत्य एवं प्रामाणिक हैं। किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे हमारे द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त किया जाना मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि एवं परफारमेस गारंटी प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपालद्वारा जप्त किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

**शपथगृहीता**

**नाम** ..........................................
**पता** ..........................................

**स्थान**
**दिनाँक**

**1. गवाह नाम एवं पता** ..............................................
**2. गवाह नाम एवं पता** ..............................................

## सत्यापन

मैं निविदाकर्ता ..........................................................................फर्म/कम्पनी/संस्था का नाम) का/की एकल स्वामी/साझेदार/संचालक/मैंनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि हूँ। मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित क्रं 1 से 4 तक किये गये कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः/सत्य तथाप्रामाणिक है।

**शपथगृहीता**

**नाम** ..........................................
**पत्ता** ..........................................

**स्थान**
**दिनाँक**

**1. गवाह नाम एवं पता** ..............................................
**2. गवाह नाम एवं पता** ..............................................

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

## शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.

### सुरक्षा कार्य के लिए निविदा सत्र 2024–25

### तकनीकी

**निविदा प्रपत्र – 2**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता संस्था का नाम | |
| 2 | कार्यालयीन पता | |
| 3 | दूरभाष (कार्यालय) | |
| 4 | स्थायी पता | |
| 5 | पत्रव्यवहार का पता | |
| 6 | संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम एवं पदनाम | |
| 7 | संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दूरभाष एवं मोबाइल नम्बर | |
| 8 | वर्तमान में सुरक्षा एजेंसी के साथ कितने कर्मचारीकाम करते है | |
| 9 | संस्था का मुख्यालय भोपाल में होने एवं भोपाल में रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी पंजीयन क्रमांक, दिनांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें | |
| 10 | श्रम विभाग का पंजीयन क्रमांक दिनांक एवं वैधता (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 11 | कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापितछायाप्रति संलग्न करें) अंतिम माह कीरिटर्न की कापी। | |
| 12 | कर्मचारी राज्य बीमा निगम का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापितछायाप्रति संलग्न करें) अंतिम माह के रिटर्न की कापी। | |
| 13 | जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्र की स्वसत्यापित छायाप्रतिसंलग्न करें) | |
| 14 | GST का खाता क्रमांक (संबंधित दस्तावेज की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) अंतिम माहके रिटर्न की कापी। | |
| 15 | आयकर संख्या (PAN कार्ड नं.) (संबंधित की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 16 | विगत 3 वित्तीय वर्ष की आयकर विवरणी (अंकेक्षित लेखाओं) एवं पावती की सत्यापित छाया प्रतियों | |
| 17 | विगत तीन वर्षो का अंकेक्षित लेखाओं का विवरण (संलग्न प्रारूप में सारांश जिसमें समान कार्य के वार्षिक टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरण चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा किया गया हो की स्वप्रमाणित (छायाप्रति) | |

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18. | निविदा के साथ संलग्न धरोहर राशि जमा करने की Online की रसीद | बैंक का नाम ................................................................शाखा . ................ ऑनलाइन जमा करने का विवरण ........................................ ........................................ दिनांक ............................ राशि ............................................................................... | | |
| 19. | दर पत्रक | वित्तीय निविदा वाले भाग में संलग्न करें। | | |
| 20. | साफ सफाई कार्य में संस्था के अनुभव का विवरण (संबंधित दस्तावेज संलग्न करें) | | अवधि | |
| | संस्था का नाम जहॉ साफ सफाई का कार्य किया | | दिनांक से .......... दिनांक तक | कुल अवधि |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

दिनांक

**प्रोप्रायटरसाफ सफाई एजेंसी**

**हस्ताक्षर** ..........................................
**नाम** ...............................................
**पदमुद्रा** .........................................

संलग्नकः–

1. EMD Receipt
2. संस्था के भोपाल में पंजीयन संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
3. संस्था का मुख्यालय भोपाल होने संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति
4. सुरक्षा कार्य व्यवस्था अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां।
5. धरोहर राशि रु 50.000/–Online receipt
6. श्रम विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति
7. जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीनतम चरित्र प्रमाणपत्र की छायाप्रति ।
8. पैन/टेन कार्ड की छाया प्रति।
9. गत 3 वित्तीय वर्ष की आयकर विवरणी/टेक्स क्लीरेंयस प्रमाण पत्र की सत्यापति प्रतिलिपि ।
10. कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में पंजीयन प्रमाणपत्र की छायाप्रति, अतिम माह के भुगतान की प्रति।
11. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई) में पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
12. गत माह के GST भरे जाने संबंधी दस्तावेंज।
13. हस्ताक्षरित शपथ पत्र (निविदा प्रपत्र –1)
14. समान कार्य के विगत तीन वर्षो के वार्षिक टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरणचार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा किया गया हो की स्वप्रमाणित छायाप्रति (निविदा प्रपत्र–3)
15. अन्य आवश्यक प्रपत्र

**दिनांक**
**स्थान**

**हस्ताक्षर**

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

## कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति
**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

### साफ–सफाई के लिए निविदा सत्र 2024–25

### अंकेक्षित लेखों का सारांश (CA के लेटर हेड पर)
### निविदा प्रपत्र –3

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स ............................................ पता ........................................................................ के विगत तीन वर्षो लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जॉच मेरे द्वारा की गई है। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य अर्थात साफ–सफाई व्यवस्था के कार्य का आर्यत (टर्नओवर) इस प्रकार है।

| क्र. | वर्ष | राशि (अंकों में) | राशि (शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2020–21 | | |
| 2 | 2021–22 | | |
| 3 | 2022–23 | | |

(शब्दों एवंअंकों में राशि में अंतर होने पर शब्दों की राशि को प्रामाणिक माना जायेगा)

उपर्युक्त आर्वत की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जाँची गई है जिसे प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपालनिविदा शर्तों के अनुसार वांछित शर्त के रूप में में प्रमाणित करता/करती हूँ।

स्थान ..............................

दिनांक ..............................

चार्टेडलेखाकार का नाम ............................

फर्म की पदमुद्रा

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

Validate | Print | Help

**Tender Inviting Authority:** < Office of the Principal Govt. Dr. S.P.M. Science & Commerce College Bhopal (M.P.)

**Name of Work:** < Notice Inviting Tender for Cleaning services year 2024-25

**Contract No:**

Name of the

**PRICE SCHEDULE**

**(DOMESTIC TENDERS - RATES ARE TO GIVEN IN RUPEES (INR) ONLY)**

(This BOQ template must not be modified/replaced by the bidder and the same should be uploaded after filling the relevant columns, else the bidder is liable to be rejected for this tender. Bidders are allowed to enter the Bidder Name and Values only ) (GST rates are exclusive )

| NU | TEXT # | NUMBE | NUMBER # | NUMBER | NUMBER | NUMBER | NUMBER | TEXT | NUMBER # | TEXT # |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Item Description<br>Note: Minimum Rate quoted should not be less then as per applicable as on tender opening date and time otherwise it will be rejected | Quantity Per Person | BASIC RATE In Figures To be entered by the Bidder in Rs. P Per Month Per Person | Parivartasheel Mahgai Bhatta (Decleared by Comptent Authorty ) Rs. P Per Month Per Person | EPF Amountt Rs. P Per Month Per Person | ESIC Amount Rs. Per Month Per Person | Per month Service Charges of Agency, | Per month Cost of material and Other Charges in Rupees | TOTAL AMOUNT col (14) = sum (8) to (13) in Rs. P | TOTAL AMOUNT In Words |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 14 | 15 |
| 1 | **Notice Invited Tender for Cleaning services with material** | | | | | | | | | |
| 1.1 | **Saf-Safai Karmi with material** | 1.00 | | | | | | | 0.00 | INR Zero Only |
| Total in Figures | | | | | | | | | 0.00 | INR Zero Only |
| Quoted Rate in Words | INR Zero Only | | | | | | | | | |

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति
## शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.

### सुरक्षा कार्य के लिए निविदा सत्र 2024–25

### तकनीकी निविदा प्रपत्र – 2 के साथ संलग्नित प्रपत्रों की
### चैक लिस्ट

| क्र. | विवरण | संलग्न है या नही | पृष्ठ कमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | हस्ताक्षरित निविदा पत्रक (नियम तथा सामान्य शर्तें) | | |
| 2 | संस्था का मुख्यालय/कार्यालय भोपाल होने के एवं भोपाल में पंजीकृत कार्यालय के पंजीयन प्रमाण पत्रों की छायाप्रति | | |
| 3 | निविदाकर्ता संस्था न्यूनतमदो वर्षो का शासकीय शिक्षण संस्था में साफ सफाई संचालन के अनुभव संबंधी कार्यादेश /प्रमाणपत्र की छायाप्रति | | |
| 4 | निविदाकर्ता संस्था पर कोई आरोप/प्रकरण आदि नहीं चल रहे हैं, इस आशय का जिला पुलिस अधिकारी का नवीनतम चरित्र प्रमाण–पत्र | | |
| 5 | निविदाकर्ता फर्म का सर्विस टैक्स (G-S-T) क्रमांक एवं सर्विस टैक्स (GST) के वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति दिनोंक 31/03/2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का टैक्स क्यीलरेंस प्रमाण पत्र/विगत वर्ष में प्रस्तुत की गई सेवाकर विवरणी | | |
| 6 | निविदाकर्ता फर्म का स्थायी आयकर क्रमांक तथा पैन/टेन कार्ड की छायाप्रति एवं दिनॉक 31/03/2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का टैक्स क्यीलरेंस प्रमाण पत्र/आयकर विवरणी की पावती | | |
| 7 | ई.पी.एफ. के पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | |
| 8 | ई.एस.आई. का पंजीयन क्रमांक तथा प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | |
| 9 | श्रम विभाग का पंजीयन क्रमांक, दिनोंक तथा लेबर लाईसेन्स प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | |
| 10 | धरोहर राशि रु 50,000/– का की Online रसीद | | |
| 11 | हस्ताक्षरित शपथ पत्र प्रपत्र –1 | | |
| 12 | तकनीकी निविदा प्रपत्र–2 | | |
| 13 | निविदाकर्ता संस्था का विगत तीन वर्षों का अंकेक्षित लेखाओं का संलग्न प्रारूप में सारांश जिसमें समान कार्य के वार्षिक टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरण चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा किया गया हो (अंकेक्षित लेखे का सारांश प्रपत्र –3) | | |
| 14 | वित्तीय बिड अलग से सील्ड भाग में पत्रक – 4 (ऑनलाईन) | | |
| 15 | अन्य आवश्यक पंजीयन/लायलेंस की छायाप्रति | | |

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल